पत्रांक–संचिका संख्या–16 गोशाला विकास/2012–21...

बिहार सरकार
<u>पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग</u>

प्रेषक,

विनय कुमार, भा0प्र0से0
सरकार के सचिव।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
भागलपुर, शेखपुरा, सुपौल, खगड़िया, किशनगंज, दरभंगा,
मधुबनी, वैशाली, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, गोपालगंज एवं सारण।

पटना – 15, दिनांक–30जनवरी, 2015

विषयः– माननीय उच्च न्यायालय, पटना के समक्ष विचाराधीन एम0जे0सी0 संख्या–590/14, विकास चन्द्र गुड्डू बाबा बनाम राज्य एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन के संबंध में।

प्रसंगः–इस कार्यालय का पत्रांक–15 दिनांक 17.01.2015 तथा पत्रांक–18 दिनांक 27.01.2015

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों के आलोक में राज्य की 87 निबंधित गोशालाओं में से 64 गोशालाओं के प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं, किन्तु अभी भी आपके जिले से संबंधित गोशालाओं (जिसकी सूची परिशिष्ट–"A" के रूप में संलग्न है) से प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं। फलस्वरूप माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष सभी 87 निबंधित गोशालाओं का समेकित एवं पूर्ण प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया जा सका है।

आप अवगत हैं कि यह एक अत्यंत गंभीर मामला है और इसमें आपका व्यक्तिगत हस्तक्षेप आवश्यक है। अतः पुनः अनुरोध होगा कि परिशिष्ट–"A" (संलग्न) में अंकित गोशालाओं के प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में अधिकतम दो दिनों के अंदर विभाग को ई0–मेल (secyahd-bih@nic.in) पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रासंगिक पत्रांक–18 दिनांक 27.01.2015 द्वारा इस मामले के निष्पादन के संबंध में बिन्दुवार परामर्श दिये गये हैं। अनुरोध है कि उक्त परामर्श के आलोक में समयबद्ध ढंग से अग्रेत्तर कार्रवाई कराने की कृपा करें।

विश्वासभाजन,

अनुलग्नकः यथोक्त।

सरकार के सचिव

परिशिष्ट–"A"

क्र0	जिला का नाम	गोशाला का नाम
1	भागलपुर	श्री गोशाला, भागलपुर सिटी श्री मोहनपुर गोशाला, मोहनपुर श्री गोशाला, सुल्तानगंज श्री गोपाल गोशाला, नवगछिया
2	शेखपुरा	श्री गोशाला, बरबीघा
3	खगड़िया	श्री गोगरी गोशाला, जमालपुर
4	सुपौल	श्री गोपाल गोशाला, निर्मली
5	किशनगंज	श्री अमोल गोशाला, सलेमपुर श्री भूतनाथ गोशाला, किशनगंज
6	दरभंगा	श्री दरभंगा गोशाला, सोसाईटी
7	मधुबनी	श्री गोशाला, मधेपुर श्री भवानीपुर गोशाला, भवानीपुर श्री गोशाला, रखवारी
8	वैशाली	श्री गोशाला, लालगंज श्री गोशाला, घटारो
9	पूर्वी चंपारण	श्री लोकनाथ मठिया गोशाला, सेमरा श्री सूरज गोकूल, बाकरपुर, कल्याणपुर श्री कृष्ण गोशाला, सुगौली
10	सीतामढ़ी	श्री गौरक्षिणी सभा, बैरगनिया
11	छपरा	श्री सारण पिंजरापोल गौरक्षिणी, छपरा श्री जनता गोशाला, विष्णुपुरा श्री गोपाल गोशाला, हरपुर, बनियापुर
12	गोपालगंज	श्री कृष्ण गोशाला, बनकट्टी